तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 11 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जिले के हर वनांचल गांव तक पहुंचाई जाएगी बिजली : कंवर



## खबर संक्षेप

### बिलासपुर रेंज के आईजी पहुंचे एक दिवसीय कोरबा प्रवास पर



**कोरबा।** बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग अचानक देर शाम कोरबा पहुंचे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों से जिला पुलिसिंग पर चर्चा की। इस मौके पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। आईजी श्री गर्ग ने बताया कि वो कोरबा भ्रमण पर पहुंचे थे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों से महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कोरबा के यातायात की समस्या को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आज

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 11 मार्च को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक प्रिंसीपल सिक्योरिटी एण्ड एलाईड सर्विसेस प्रा0लि0, कोरबा, द रियल हण्टर बालको कोरबा, कृष्णा कॉरपोरेशन कोरबा और अपोलो फार्मासिटिज लिमि0 रायपुर द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में सिक्योरिटी गार्ड 70, सिक्योरिटी सुपरवाईजर 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर - 10, सिक्योरिटी गार्ड डॉग हेण्डलर 2, सी.आर.ओ. 2, टेक्निकल असिस्टेंट-6, फार्मासिस्ट 10, फार्मेसी असिस्टेंट-10 योग्यता- 8वी - 12वीं - स्नातक, आयुसीमा- 18-45 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 15,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद कोरबा के लिए है।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 3 कोच की सुविधा

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मार्च को तथा गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 13 मार्च को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय वापस लेने लिखा पत्र

**कोरबा।** रेल संघर्ष समिति कोरबा ने 30 मार्च से 11 अप्रैल तक क्षेत्र की अधिकांश मेमू एवं पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किए जाने के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में समिति के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल व मनोज अग्रवाल, अंकित सावलानी द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराया गया है।

### स्ट्रीट लाइट व चेतावनी साइन बोर्ड लगाने की मांग

**ढेलवाडीह।** कटघोरा बायपास मार्ग से लगे ग्राम जेंजरा, पतरापाली, ढेलवाडीह एवं सुतर्रा के क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन तथा कई स्थानों पर खतरनाक मोड़ के कारण क्षेत्रीय नागरिकों, विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। मार्ग में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट एवं चेतावनी साइन बोर्ड नहीं होने से दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। इस संबंध में ढेलवाडीह के उप सरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा को आवेदन देकर स्ट्रीट लाइट तथा चेतावनी बोर्ड लगाने की ंग की है।

# दो मूल्यांकन केंद्र में 5 सौ शिक्षक जांचेंगे बोर्ड परीक्षा की डेढ़ लाख से अधिक कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बोर्ड परीक्षाओं के कॉपियों का मूल्यांकन कार्य का प्रथम चरण 16 मार्च से शुरु हो जाएगा। शहर में बनाए गए दो मूल्यांकन केंद्रों में 5 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी जिनके द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा भेजी जाने वाली डेढ़ लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य के लिए जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी उनकी सूची तैयार कर ली गई है।

बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहला चरण 16 मार्च से शुरु होगा और दूसरा चरण 25 मार्च से शुरु किया जाएगा। साडा हायर सेकेण्डरी स्कूल और एनसीडीसी स्कूल बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन हेतु सेंटर बनाए गए हैं। जहां मूल्यांकन कार्य के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इनमें 2 सौ शिक्षकों की ड्यूटी साडा कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में लगाई जाती है जहां करतला और कटघोरा विकासखंड के शिक्षक कॉपियां जांचने आते हैं। इसी तरह एनसीडीसी हायर सेकेण्डरी स्कूल में 3 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। यहां पोड़ी उपरोड़ा, पाली, कोरबा विकासखंड के शिक्षक कॉपियां जांचने पहुंचते हैं। इनके अलावा अन्य कर्मचारियों की भी ड्यूटी मूल्यांकन केंद्रों में लगाई जाती है। बताया जाता है कि मूल्यांकन कार्य के दौरान शिक्षकों के मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित किया गया है। मूल्यांकन कार्य को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा कुछ नए दिशा निर्देश भी जारी किए जा सकते हैं। मूल्यांकन कार्य में जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी उनकी सूची माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा ही तैयार की जाती है।

## साडा कन्या एवं एनसीडीसी स्कूल हैं मूल्यांकन केन्द्र

**खास बातें**

- सबसे अकि शिक्षकों की ड्यूटी एनसीडीसी मूल्यांकन केन्द्र में लगती है



### 4 साल से नहीं बढ़ा पारिश्रमिक

मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों का पारिश्रमिक पिछले 4 साल से नहीं बढ़ा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा 10वीं कक्षा के कॉपियों के मूल्यांकन हेतु 10 रुपए प्रति कॉपी एवं 12वीं कक्षा के कॉपियों के मूल्यांकन हेतु 11 रुपए प्रति कॉपी मूल्यांकन पारिश्रमिक दिया जाता है जो 4 वर्ष पूर्व बढ़ाया गया है। इस पारिश्रमिक को भी शिक्षक संघों के द्वारा बढ़ाने की मांग की जा रही है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2547 करोड़ का मिला है लक्ष्य

# वित्तीय वर्ष समाप्त होने के कगार पर, बचे 20 दिनों में खनिज विभाग को जुटाना होगा 7 सौ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व वसूली के मामले में हमेशा बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला खनिज विभाग बीते वित्तीय वर्ष में अपने लक्ष्य से पिछड़ गया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष में भी जिले के खनिज विभाग को 2547 करोड़ का राजस्व का लक्ष्य दिया गया है और वित्तीय वर्ष समाप्त होने में महज 20 दिन ही शेष है और अब तक खनिज विभाग ने 1810 करोड़ जो मात्र 71 फीसदी ही राजस्व लक्ष्य को हासिल कर पाया है। शेष 20 दिनों में विभाग को 29 फीसदी राजस्व लक्ष्य को जुटाना है जिसके लिए खनिज विभाग के अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं। संभावना जताई जा रही है कि इस साल लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल ही नहीं नामुकिन नजर आ रहा है।

**खास बात**

- फरवरी महीने तक 1819 करोड़ ही कर पाया राजस्व वसूली

राजस्व वसूली के मामले में अव्वल रहने वाला कोरबा का खनिज विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 अपने लक्ष्य से पीछे हो गया था। दरअसल कोरबा राजस्व वसूली मामले में एक दशकों से भी अधिक रिकार्ड तोड़ने जिला है जो लगातार कई बार राजस्व से अधिक राजस्व जुटाने में अपना परचम लहराया है। बताया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभाग को 32 सौ करोड़ का लक्ष्य दिया गया था जिसके एवज में विभाग ने 2156 करोड़ का राजस्व की वसूली कर पाया था जो कुल राजस्व का 67.37 फीसदी है। राजधानी में बैठे खनिज विभाग के वरिष्ठ अफसरों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में के लिए राजस्व लक्ष्य को कम करते हुए 2547 करोड़ का राजस्व लक्ष्य दिया है। जिसके एवज में फरवरी महीने तक जिले के खनिज विभाग की टीम ने 1810 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य हासिल कर लिया है जो कुल राजस्व लक्ष्य का 71 फीसदी है। मार्च महीना खत्म होने की उलटी गिनती शुरु हो चुकी है। महज 20 दिन ही शेष हैं ऐसे में विभाग को लगभग 7 सौ करोड़ जुटाना है। विभाग के अफसर दबी जुबान पर कह रहे हैं कि इस साल 80 फीसदी राजस्व वसूली किया जा सकता है। इस साल राजस्व लक्ष्य को हासिल करना संभव नजर नहीं आ रहा है।

### कोयले से ही मिलता है 99 फीसदी राजस्व

बताया जाता है कि जिले में राजस्व वसूली में सबसे ज्यादा कोयले से ही प्राप्त होता है। जिले के गेवरा, दीपका, मानिकपुर, कुसमुंडा, ढेलवाडीह, रजगामार, सुराकछार, बगदेवा और बुड़बुड़ सरईपाली खदान संचालित होती है। जहां बड़े पैमाने पर कोयला का उत्खनन होता है। खासतौर पर गेवरा, दीपका व कुसमुंडा खदान में सबसे ज्यादा कोयला निकाला जाता है, लगभग 99 फीसदी राजस्व कोयले से ही हासिल किया जाता है। बचे शेष राजस्व गौण खनिज रेत, गिट्टी, मुरुम और मिट्टी से भी राजस्व प्राप्त होता है। खनिज विभाग जिले के प्रमुख कोयला खदान गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व कोरबा एरिया के खदान से राजस्व प्राप्त होता है।

# तेज रफ्तार ट्रेलर पलटा, सड़क पर बिखर गया कोयला, ले भागे बस्तीवासी



पलटा ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

कटघोरा बायपास मार्ग में कोयला लेकर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के होते ही मौके से भाग निकले लेकिन जैसे ही सुबह हुई और लोगों की नजर सड़क पर बिक्री हुई कोयले को देखा तो उन्होंने कोयले उठाकर अपने घर ले जाना शुरु कर दिये और देखते ही देखते चंद घंटों में सड़क पर बिखरी हुई कोयला साफ हो गई।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीपी 4959 सोमवार की रात कोयला लेकर बायपास मार्ग होते हुए जा रही थी कि देर रात को ट्रेलर अचानक मार्ग पर अनियंत्रित हो गई और पलट गई। हादसे के होते ही ट्रेलर चालक व परिचालक हादसे में बाल बाल बच गये और घटना के बाद दोनों मौके से फरार हो गए थे। बताया जाता है कि हादसे के बाद ट्रेलर मौके पर ही पड़ी थी और कोयला पूरी ⏭ शेष पेज 3 पर

# चरित्र संदेह को लेकर पति ने पत्नी को डंडे से पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण के घर में कुछ लोग मेहमानी में आए हुए थे जहां घर के सभी लोग पार्टी में मशगुल थे। इस दौरान एक विवाहिता एक अन्य युवक के साथ संदिग्ध अवस्था में उसके पति की नजर पड़ी तो चरित्र संदेह को लेकर पति-पत्नी में देर रात को विवाद हो गया और विवाद देखते-देखते इतना बढ़ गया कि पति ने अपनी पत्नी पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की वारदात के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र के ग्राम साजा कछार में हुई हत्या की वारदात





मृत महिला एवं गिरफ्तार पति।

मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम साजाकछार की है। पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम साजाकछार निवासी राजू लाल कुजूर के घर सोमवार को कुछ लोग मेहमानी में आए थे जहां उनके स्वागत सत्कार के लिए मुर्गा और कोसना तैयार किया गया था। जहां रात को उसकी पत्नी उर्मिला बाई उम्र 35 वर्ष मेहमानी में आए एक अन्य युवक के साथ बाड़ी की ओर गई हुई थी इसी दौरान राजू लाल ने अपनी पत्नी और उक्त युवक को संदिग्ध अवस्था में देख लिया था इसके बाद उक्त युवक मौके से फरार हो गया और देर रात जब सभी मेहमान घर से चले गए तो इस दौरान देर रात लगभग 10 बजे चरित्र संदेश को लेकर राजू कुजूर व उर्मिला के बीच वाद विवाद शुरू हो गया और देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राजू लाल हुजूर ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी उर्मिला बाई की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलने पर पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुर्पुद कर दिया और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति राजू लाल कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बिलासपुर से पहुंची एसडीआरएफ की टीम, तीसरे दिन भी नहीं मिला सुराग


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव नदी में नहाने गए 22 वर्षीय युवक नौशाद खान का शव दो दिन बाद भी बरामद नहीं हो सका है। रविवार दोपहर दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गू के पास यह घटना हुई, जब नौशाद अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। दर्री थाना पुलिस और जिला प्रशासन की नगरसेना की गोताखोर टीम लगातार उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। पिछले तीन दिनों से जारी तलाश के बावजूद नौशाद का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि वह नदी में बहने के बाद जलकुंभी में फंस गया होगा।



लापता युवक की नदी में तलाश करती गोताखोर।

मंगलवार को बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम पहुंची और स्पेशल टीम के द्वारा हसदेव नदी में लापता युवक की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल पाया। आशंका जताई जा रही है कि वह नदी में बहने के बाद जलकुंभी में फंस गया होगा।


हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

| प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | चतुर्थ पुरस्कार | विशेष पुरस्कार 5 |
|---|---|---|---|---|
| वाशिंग मशीन | इंडक्शन | मिक्सर ग्राइंडर | इलेक्ट्रीक आयरन | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार |

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..........

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation
(Hottest Career Option today)
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
Admissions Open For New Session
ARENA ANIMATION
AI SUMMER CAMP FOR KIDS
Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics
Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound,
Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or
1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### आज होगा जब्त मादक पदार्थ का नष्टीकरण

**बिलासपुर।** पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बुधवार को कोनी रमतला स्थित सुधाएग्रो फैक्ट्री में जब्त मादक पदार्थो को जलाकर नष्टीकरण किया जाएगा। मंगलवार को जिले के सभी थानों के मालखाने में जब्त गांजा, नशीले पदार्थ को नष्ट करने संबंधी रिकार्ड तैयार कर लिया गया है।

### प्रोजेक्टर में मैच देखने के दौरान बाइक चोरी

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गणेशनगर



चुचुहियापारा निवासी अमित कुमार जाडे 8 मार्च को एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीडी, 0902 से मिनोचा कालोनी के पास प्रोजेक्टर में मैच देखने गए थे। एक इनिंग खत्म होने पर रात 8.30 बजे घर जाने के लिए देखे तो सड़क किनारे से उनकी एक्टिवा चोरी हो गई थी।

### रिटायर्ड एसडीओ से लूट नहीं पकड़े गए लुटेरे

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नागदौने कालोनी निवासी रिटायर्ड सिंचाई विभाग एसडीओ गंगा प्रसाद टण्डन 9 मार्च को शाम के समय घर से टहलने के लिए निकले थे। शाम 7 बजे महाराणाप्रताप चौक के पास एक्टिवा सवार 3 लोग आए और बलपूर्वक उनकी जेब से 14 हजार की मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है।

### दो गुट भिड़े, चाकू मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जेल परिसर में मुलाकात के दौरान दो गुटों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष ने रिपोर्ट वापस नहीं लेने पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, टिकरापारा निवासी अंकुश यादव पिता सुरेश यादव 21 साल साथियों के साथ केन्द्रीय जेल में बंद रिश्तेदार से मिलने के लिए गए। मुलाकात के दौरान काउंटर के पास इस्माइल खान, इमरान खान, अनिकेत व अन्य लोग आए और उन्हें पुराना केस वापस लेने को कहा। मना करने पर गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष महिमा नगर निवासी मो इमरान पिता मो इकबाल खान ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने रिश्तेदार बंदी से मिलने जेल गए थे। इसी दौरान अंकुश यादव, राहुल गोस्वामी, लक्ष्य गोस्वामी व अन्य चेहरे में गमछा लगाकर उनके पास आए उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

बिलासपुर। जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 4 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते है। डीईओ ने बताया कि कोटा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला कन्या रतनपुर में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. राजेश कुमार दुबे के के पुत्र गौरव कुमार दुबे ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

**शहर सहित आउटरों में जगह चयनित** | **बारिश के पानी को बचाने के दिशा में कदम, प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया**

# रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की तर्ज पर 20 स्थानों पर बनेंगे इंजेक्शन वेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस तरह भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनाया जाता है उसी तर्ज पर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 20 जगहों पर इंजेक्श्न वेल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शहर समेत आउटरों में भी स्थानों का चयन कर लिया गया है। इंजेक्शन वेल के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

इंजेक्शन वेल में बारिश के पानी को फिल्टर करके जमीन के भीतर पहुंचाया जाता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन शहरी के तहत नगर निगम ने बारिश के पानी को बचाने के लिए व भू-जल स्तर को गिरने से रोकने के लिए इंजेक्श्न वेल बनाने की योजना लाई है। नगर निगम ने 20 स्थानों पर इंजेक्शन वेल बनाने की योजना बनाई है, जिसके लिए स्थानों का चयन भी कर लिया गया है। इसमें शहर भीतर सहित शहर के आउटर वाले निगम एरिया में भी इंजेक्शन वेल निर्माण



कराया जाना है। नगर निगम द्वारा सभी जोन कार्यालयों से इसके लिए सर्वे करके रिपोर्ट देने कहा गया था जिसपर जोन कमिश्नरों की ओर से सर्वे रिपोर्ट दे दी गई है जिसके आधार पर जगह का चयन किया गया है। इसमें शहर में 11 जगहों पर एवं आउटर में 9 जगहों पर इंजेक्शन वेल बनाया जाना है।

### इन स्थानों पर बनाया जाएगा इंजेक्शन वेल

नगर निगम द्वारा अपने सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंजेक्शन वेल के लिए जिन 20 स्थानों का चयन किया गया है। उनमें नगर निगम पेट्रोल पंप के सामने मुंगेलीनाका ग्राउंड, देवकीनंदन कन्या शाला का ग्राउंड, छत्तीसगढ़ स्कूल का ग्राउंड, बृहस्पतिबाजार के पास, शासकीय जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज ग्राउंड, शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास ग्राउंड, वार्ड नंबर 24 भारतीयनगर पानी टंकी के पास व त्रिवेणी भवन के पास, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रागंण गोड़पारा, जोन क्रमांक 5 कार्यालय परिसर, वार्ड क्रमांक 46 अनवर बक्शी मार्ग और वार्ड क्रमांक 47 डॉ. बीआर अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के पास जगह का चयन किया गया है। इसी तरह शहर के आउटर एरिया में सकरी बचनबाई स्कूल , जोन कार्यालय प्रांगण सकरी, वार्ड क्रमांक 11 वार्ड कार्यालय सिरगिट्टी के पास, वार्ड क्रमांक 5 बाजार चौक शनि मंदिर व्यावसायिक परिसर के पास, जोन क्रमांक 43 बूटापारा स्कूल के पास, जोन क्रमांक 42 देवरीखुर्द डबरी तालाब, वार्ड क्रमांक 49 बहतराई मुक्तिधाम के पीछे, सिटी बस डिपो कोनी और हाईस्कूल के पास का स्थान शामिल हैं।

### इंजेक्शन वेल के निर्माण में 1.24 करोड़ रुपए लागत

नगर निगम द्वारा जो प्राक्लन तैयार किया गया है उसके अनुसार प्रत्येक इंजेक्शन वेल में 6.22 लाख रुपए लागत आएगा। इस तरह से 20 जगहों पर इंजेक्टशन वेल बनाने में लगभग 1.24 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए नगर निगम की ओर से प्रस्ताव बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। शासन से प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलते ही इंजेक्शन वेल निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### एडवांस सिस्टम है

इंजेक्शन वेल एक तरह से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का एडवांस सिस्टम है। इसमें बारिश के पानी को बचाने और भू-जल स्तर को गिरने से रोकने के लिए बारिश के पानी को फिल्टर करके जमीन के 70-80 फीट नीचे पहुंचाया जाता है। जगह का चयन कर लिया गया है और शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

**-अनुपम तिवारी,** प्रभारी
जल विभाग नगर निगम

## सहकारी बैंक और कम्पोजिट बिल्डिंग में अव्यवस्थित पार्किंग





**बिलासपुर।** जिला सहकारी बैंक और कम्पोजिट बिल्डिंग में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिसके कारण लोग भी काफी परेशान होते हैं।

जिला सहकारी बैंक से लेकर तहसील कार्यालय में प्रतिदिन लोगों की काफी भीड़ लगती है। तहसील कार्यालय में जब से पार्किंग का ठेका दिया गया है, तब से लोग अपने वाहनों को इधर-उधर खड़े कर देते हैं। सबसे अधिक गाड़ियां जिला सहकारी बैंक के पास दिखाई देती है। इसी तरह का हाल कम्पोजिट बिल्डिंग का भी हो गया है। यहां रजिस्ट्री कार्यालय के अलावा अन्य विभागीय कार्यालय बने हुए हैं। रजिस्ट्री कार्यालय, शिक्षा विभाग और अन्य विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा अन्य लोगों के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मल्टी लेवल पार्किंग भी बनाया गया है, ताकि कलेक्टोरेट सहित अन्य स्थानों पर रखी गाड़ियों की पार्किंग हो सके। मल्टी लेवल पार्किंग के बजाय लोग अपने वाहनो को कम्पोजिट बिल्डिंग, टाउन हॉल से लेकर पीडब्लूडी वाली सड़क के सामने खड़े करते हैं। इसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं ट्रैफिक विभाग को इसकी जानकारी भी रहती है, लेकिन उनकी ओर से किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

### छात्रा से छेड़खानी, शिक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दही लेने के बहाने घर जाकर मासूम छात्रा से छेड़खानी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, जांजगीर पामगढ़ सिर्री निवासी रोहित पटेल पिता उमेंद्र राम पटेल 50 साल पचपेड़ी क्षेत्र के शासकीय स्कूल में शिक्षक है। सोमवार को उनके स्कूल में पढ़ने वाली एक 14 वर्षीय छात्रा घर में अकेले थी। उनके घरवाले बाहर गए थे। मौका पाकर शिक्षक दही लेने के बहाने उनके घर गया और मौके का फायदा उठाकर छात्रा के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर शिक्षक उनके घर से भाग गया। शाम को परिजन घर आए तो छात्रा ने घटना की जानकारी उन्हें दी। रात में परिजन थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 74 व पाक्सो एक्ट की धारा 7, 8 के तहत जुर्म दर्ज कर शिक्षक रोहित पटेल को गिरफ्तार कर लिया है।

### ब्लैकमेलिंग: महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बर्थडे पार्टी में आए युवक व उसकी महिला मित्र को रूम देकर महिला ने अश्लील वीडियो बना लिया, फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख रुपए मांग करने लगी। इस मामले में फरार महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 1 फरवरी को पचपेड़ी केंवतरा आवासपारा निवासी नोहर कुमार सूर्यवंशी पिता हरीराम सूर्यवंशी अपनी महिला मित्र के साथ धुर्वाकारी निवासी रोशनी खुंटे के बेटे के बथर्ड पार्टी में उनके घर गए थे। रोशनी खुंटे ने अपने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर भेज दिया। उसके बाद वह नोहर कुमार को उसकी महिला मित्र के साथ संबंध बना लो कहकर अपने बेडरूम में ले गई। भरोसा करके नोहर कुमार ने अपने महिला मित्र के साथ संबंध बनाया। बाद में महिला ने उसकी व महिला मित्र का अश्लील वीडियो बनाकर उसका स्क्रीन शाट भेजा, फिर पूरा वीडियो बना लेने की बात कहते हुए 1 लाख रुपए की मांग की, रुपए नहीं देने पर वीडियो वायरल कर देने की धमकी भी दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रोशनी खुंटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने फरार आरोपी राशेनी खुंटे पति करन खुंटे 28 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

# सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ेंगे 146 हरे-भरे पेड़

## लालखदान से दर्रीघाट तक वन विभाग करेगा काम, पीडब्लूडी ने जमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण के नाम पर सैकड़ों की संख्या में हरे-भरे पेड़ों में कुल्हाड़ी चलाकर काटा जाएगा। इस कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग ने वन विभाग के पास राशि जमा कर दी है, जिसपर वन विभाग जल्द ही काम की शुरुआत करेगी।

तोरवा गुरुनानक चौक से लेकर लालखदान के बीच रेल ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करने के उपरांत महमंद और लालखदान से लेकर जांजगीर-चांपा और रायगढ़ की ओर जाने वाली सड़क का हाल अभी भी बेहाल है। लालखदान रोड ओवरब्रिज के बाद सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग ने शुरु कर दिया है, जिसके कारण सड़क पर कदम-कदम पर गड्ढे.और धूल के कारण लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लालखदान से लेकर दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण का कार्य कई दिनों से पेंडिंग में पड़ा हुआ है। लोक निर्माण विभाग नें सड़क निर्माण कार्य में सर्वे का काम भी पूरा कर लिया है। इस सर्वे में सड़क चौड़ीकरण करने दोनों ओर लगे हरे-भरे पेड़ बाधा बन रहे हैं, जिसकी संख्या करीब 146 से अधिक है। वर्तमान में यह हरे-भरे पेड़ भीषण गर्मी में लोगों को राहत भी प्रदान कर रहे हैं। वहीं गर्मी के मौसम में पेड़ों की छांव में बैठकर लोग घंटो समय भी बीता रहे हैं। जानकारी के अनुसार लालखदान से दर्रीघाट तक की सड़क के चौड़ीकरण यानि फोरलेन परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई भी की जानी है, जिसमें काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या 146 है। इस परियोजना पर तेजी से काम शुरु कर दिया गया है, जिसके लिए पेड़ों को काटने की अनुमति वन विभाग से ली गई है।



### 15 लाख रुपए जमा

विभागीय जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग ने लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण यानि फोरलेन निर्माण कार्य के लिए सर्वे का कार्य पूरा करने के बाद वन विभाग को पत्र लिखकर 146 पेड़ों को काटने के अलावा परिवहन के लिए कहा है, जिसके लिए 14.70 लाख रुपए से अधिक की राशि विभाग को जमा कर दी गई है। सर्वे के बाद निर्माण की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।

### भीषण गर्मी में परेशानी

शहर के साथ आसपास के क्षेत्र में लगाए गए हरे-भरे पेड़ अब सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इसकी वजह से गर्मी के मौसम में सबसे अधिक परेशान लोगों को होना पड़ रहा है। पेड़ पौधों के नहीं होने से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। अब 146 हरे-भरे पेड़ों पर लालखदान से दर्रीघाट के बीच सड़क चौड़ीकरण करने के लिए कुल्हाड़ी चलाई जाएगी, जिससे चार माह में पड़ने वाली गर्मी के दौरान लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### अन्य विभाग को पत्र

लोक निर्माण विभाग की ओर से वन विभाग को 146 पेड़ों की कटाई के लिए पत्र लिखा गया है, जो लालखदान से दर्रीघाट के बीच काटा जाएगा। इस कार्य को करने से पहले ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने एसपी को और पेड़ों के बीच में आने वाले बिजली तार को हटाने के लिए विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित को पत्र लिखा गया है। इसके बाद ही आगे का काम शुरु किया जाएगा।

**-शुभम मिश्रा,** रेंजर
वन मंडल बिलासपुर

### विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाला, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** नगर की पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसका विवाह करीब चार वर्ष पूर्व शिवनंदनपुर निवासी ओंमकेश्वर देवांगन उर्फ रविशंकर से हुआ था,दोनों की साढ़े तीन वर्ष की एक बेटी भी है,विवाह के बाद से ही पति ओंमकेश्वर और उसकी मां कौशल्या देवी दहेज में एक लाख रुपये नगद और मोटरसाइकिल लाने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करते थे,मांग पूरी नहीं होने पर उसे घर से निकाल देने और दूसरी शादी करने की धमकी दी जाती थी,पीड़िता के अनुसार 15 फरवरी को आरोपी पति ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपने पिता के घर नवापारा बसदेई में रह रही है,इसी बीच चार दिन पहले आरोपी ने अपनी प्रेमिका मनीषा से शादी कर उसे घर ले आया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति ने उसके व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो भेजकर पुलिस में शिकायत करने पर उसे वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया।

# हाइवा से कुचलकर महिला की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी घर से देव पूजा भ्रमण में जा रही महिला को हाइवा के चालक ने चपेट में ले लिया। चक्के के नीचे आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया। तहसीलदार के द्वारा सहायता राशि देने पर चक्काजाम समाप्त हुआ।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया कि मझवानी निवासी हरिराम सिंह सरटिया की मां जमुना बाई ग्राम रतखण्डी नर्मद सिंह पोर्ते के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। 10 मार्च की दोपहर 1.20 बजे वे रिश्तेदारों के साथ शादी घर से देव पूजा भ्रमण करने पैदल जा रही थीं। वे रतखण्डी मेन रोड किशन किराना दुकान के पास पहुंची थीं। इसी दौरान कोटा की ओर से जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 11 एबी, 0618 के चालक ने जमुना बाई को चपेट में ले लिया। पिछले चक्के के नीचे आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हाइसे के बाद चालक गाड़ी छोड़ भाग गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। सूचना मिलते ही बेलगहना, रतनपुर तहसीलदार, बेलगहना चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। तहसीलदार के द्वारा ग्रामीणों को समझाइस देकर शांत कराने का प्रयास किया गया, किन्तु ग्रामीण सहायता राशि की मांग पर अड़े रहे। तहसीलदार के द्वारा 25 हजार रुपए सहायता राशि परिजन को दिया गया। उसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ है। पुलिस ने बेटा हरिराम सरटिया की रिपोर्ट पर हाइवा जब्त कर फरार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नशे की हालत में कॉलेज का बस चला रहा था चालक, पुलिस ने पकड़ा

**शंकरगढ़।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने तथा लोगों को यातायात नियम का पालन कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान उस समय वाहन चालक की बड़ी लापरवाही लापरवाही सामने आई जब पुलिस ने नशे की हालत में कॉलेज बस चला रहे चालक को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह आज दोपहर भी थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वाहन की जांच कर रही थी। जांच के दौरान बस मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बस में पाया गया कि बस में परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए क्षमता से कहीं अधिक सवारियों को खचाखच भरकर बैठाया गया था। बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने जब चालक की जांच की तो वह नशे की हालत में पाया गया। जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया और चालक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चार दिन में टिकिट दलाली करने वाले सात दलाल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने टिकिट दलालों के खिलाफ अभियान चलाकर पिछले चार दिन के अंदर सात टिकिट दलालों को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

जोन मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार त्यौहारी सीजन, गर्मी की छुट्टियों तथा वैवाहिक सीजन के दौरान यात्रियों की संख्या अधिक हो जाती है। इसकी वजह से कई लोगों को कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल होता है। ट्रेन तिथि तक वेटिंग टिकिट के कंफर्म नहीं होने के कारण लोगों को अपनी टिकिट रिफंड करनी पड़ती है, जिसके कारण उन्हें अपना सफर भी केंसिल करना पड़ जाता है। कई लोग कंफर्म टिकिट नहीं मिलने और आवश्यक होने की वजह से टिकिट दलालों का सहारा भी लेते हैं। लोगों की मजबूरी को देखते हुए टिकिट दलाल यात्रियों से अतिरिक्त राशि लेकर टिकिट की बिक्री करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल कर टिकिट का अवैध व्यापार दलाल करते हैं। बिलासपुर जोन रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुन्नवर खुर्शीद के आदेश पर तीनों डिविजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में आपरेशन उपलब्ध के तहत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आरपीएफ की टीम ने चार दिन के दौरान सात टिकिट दलालों को पकड़ा है। इसमें टिकिट दलाल संतोष काकुड़िया के आनलाइन सर्विसेज में जांच कर पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए 10 पुरानी आरक्षित टिकिट, राहुल कुमार विश्वकर्मा के विश्वकर्मा एमपी आनलाइन के लैपटॉप से पर्सनल आईडी से बनाए 9 आरक्षित टिकिट, मोहम्मद शमीम के आनलाइन सेंटर में जांच करते हुए तीन लाइन आरक्षित ई-टिकिट, चार पुराने ई-टिकिट, रोहन मेहर के पास 14 पुरानी टिकिट टिकिट और एक मोबाइल फोन टिकिट, एक अज्ञात व्यक्ति से 14 ई-टिकिट जब्त की गई। वहीं तनमय जैन के यहां छापामार कार्रवाई में जानकारी मिली कि वह आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट न होकर पर्सनल आईडी से टिकिट बनाकर यात्रियों से अतिरिक्त राशि वसूल करता था, जिसके पास से 2 भविष्य ई-टिकिट, 33 पुरानी ई-टिकिट, एक लैपटाप सहित अन्य सामान के अलावा अजय कावड़े के यहां कार्रवाई करते हुए 15 तत्काल व प्रीमियम तत्काल टिकिट जब्त करते हुए रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

### वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**तुस्मा।** बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्मा रोड की है।

शिवरीनारायण पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धरदेई निवासी 27 वर्षीय जय कुमार साहू रविवार 8 मार्च को अपने ससुराल ग्राम दूरपा गया हुआ था। बताया जा रहा है कि वह रात लगभग 8 बजे अपने ससुराल से मोटरसाइकिल से अपने गृह ग्राम धरदेई लौटने के लिए निकला था। इस दौरान संजय साहू तुस्मा-केरा रोड के मुख्य मार्ग से गुजर रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संजय साहू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना के समय सड़क से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर सड़क पर पड़े युवक पर पड़ी। राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक संजय साहू की मौत हो चुकी थी।

## खबर संक्षेप

### निहाल बने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष पद पर निहाल सोनी की नियुक्ति की गई है। इसके पूर्व वे परिषद में कोरबा जिला संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला इकाई का गठन जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के द्वारा किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में मुकेश जायसवाल जिला उपाध्यक्ष एवं अजय चंद्रा व रामेश्वर सोनी को जिला महामंत्री बनाया गया है। इनके अलावा पवन सिन्हा को जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है शिवशंकर जायसवाल व रविशंकर पटेल को सहमीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### देवकुमारी बनीं मंडल अध्यक्ष



**कटघोरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कटघोरा मंडल अध्यक्ष पद पर देवकुमारी को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महिला मोर्चा कोरबा जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार द्वारा की गई है।

### शहर जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश राठौर ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत के सहमति एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। नवगठित कार्यकारिणी में जिसमें विनोद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्चना उपाध्याय, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, दुष्यंत शर्मा, अशोक लोध एवं पूर्व एल्डरमेन आरिफ खान को उपाध्यक्ष का जिम्मा दिया गया है। वहीं रमेश जायसवाल, पूर्व एल्डरमेन रेखा त्रिपाठी, लक्ष्मीनारायण देवांगन, पूर्व एल्डरमेन मनीराम साहु, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन, एफ डी मानिकपुरी, आनंद पालीवाल, पार्षद रवि सिंह चंदेल, गिरधारी बरेठ, अनुराग मोहितनाथ को महामंत्री बनाये गए हैं। डॉ.एल पी साहु, रतन लाल यादव, सुरेश पटेल (भिलाई खुर्द) डॉ.डी आर नेताम, संजीव कुमार अग्रवाल, फरियाद अली, प्रमोद श्रीवास, धनंजय चंद्रा, अनिल अग्रवाल, राजेन्द्र सूर्यवंशी, राजूधन चंदानी, संतोष यादव को सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अवधेश सिंह, शत्रुहन श्रीवास, सनीष कुमार, बिसाहु कुंभकार, सरस्वती कंवर, हीरालाल साहु, क्रांति सोनी, अगहन बाई मुड़ापार, संजू देवी पैकरा एवं दिनेश कैवर्त को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

### अविवादित नामांतरण, नक्शा-बटांकन के प्रकरणों का एक माह में करें निपटारा : कुणाल

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार समय-सीमा में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तीव्र गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निराकृत किया जाए। अभिलेख-दुरस्ती के कार्यों को मिशन मोड में लेकर तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिन प्रकरणों की समय-सीमा निर्धारित है, उनका निराकरण नियत अवधि के भीतर सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने सीमांकन के प्रकरणों को बारिश से पूर्व मिशन मोड में पूरा करने तथा मसाहती ग्रामों का सर्वे कर प्रारंभिक प्रकाशन कर भुईंया पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए।

## निधन

### श्रीमती बृज लांबा



**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय शिक्षण समिति के सचिव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र लांबा की धर्मपत्नी श्रीमती बृज लांबा 68 वर्ष का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति सुरेंद्र लांबा, पुत्र लितेश और चेतन लांबा सहित पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। श्रीमती बृज लांबा ने स्वयं भी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेत्री के रूप में पार्टी को अपनी सेवाएं दी थीं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज रफ्तार...

तरह से सड़क पर बिखरा हुआ था। मंगलवार की सुबह जब आसपास क्षेत्र के लोगों को इसकी सूचना मिली कि कोयला से भरी एक ट्रेलर वाहन पलट गई है और पूरा कोयला सड़क पर बिखरा हुआ है फिर क्या बड़ी संख्या में आसपास रहने वाले ग्रामीण मौके पर टूट पड़े और सड़क पर बिखरे हुए काले सोने को बटोरने लगे देखते ही देखते चंद घंटों में सड़क पर बिखरी कोयला साफ हो गई। जिससे गाड़ी मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# धान का कम उठाव करने वाले राइस मिलर्स को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के एक माह बाद भी राइस मिलर्स के द्वारा धान उठाव में तेजी नहीं लाने और जारी किए गए डीओ के अनुरुप धान का कम उठाव करने वाले राइस मिलर्स को नोटिस जारी की जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समीक्षा बैठक के दौरान उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की समीक्षा की।

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और उनके बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे तथा आपसी समन्वय के साथ तय लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए। कलेक्टर ने जिले में मार्च माह के खाद्यान्न भंडारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए खाद्य अधिकारी को सभी उचित मूल्य दुकानों में समय पर पर्याप्त राशन भण्डारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में राशन का वितरण पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से कराने की बात कही। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने राशन वितरण में अनियमितता करने वाले उचित मूल्य दुकानों की तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविरों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड तथा आभा आईडी का शत-प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

### कलेक्टर ने खाद्य अधिकारियों से ली उपार्जन केन्द्रों की रिपोर्ट

**खास बात**

- समितियों में अभी भी जाम है ढाई लाख क्विंटल धान



## कलेक्टर ने डस्ट उड़ने वाले मार्गों पर पानी छिड़काव के दिए निर्देश

# तीन वर्षों की सड़क दुर्घटना के आंकड़ों से चिन्हित हुए 18 ब्लैक स्पॉट व 3 ग्रे स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना नियंत्रण एवं सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने बताया कि जिले में पिछले तीन वर्षों की सड़क दुर्घटना के आंकड़ों का विश्लेषण कर 18 प्रमुख ब्लैक स्पॉट तथा 3 ग्रे स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए तत्काल सुधार कार्यों की आवश्यकता है। संयुक्त निरीक्षण दल की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देश दिया कि सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण, रंबल स्ट्रिप, क्रैश बैरियर, चेतावनी संकेतक, स्ट्रीट लाइट, पेड़ कटाई तथा सोल्डर फिलिंग जैसे कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएँ।




समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त निरीक्षण में कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़क, असुरक्षित मोड़, पेड़ों की छाया से प्रभावित दृश्यता, अतिक्रमण, सड़क किनारे उगी झाड़ियाँ तथा कोयला एवं फ्लाईऐश जमाव जैसी समस्याएँ चिन्हित की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि छोटी कमियों को एक सप्ताह में तथा बड़े कार्यों को मार्च माह तक हर हाल में पूरा किया जाए। एसईसीएल, बालको एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कोल-डस्ट प्रभावित तथा भारी वाहनों के आवागमन वाले मार्गों की सफाई डेढ़ माह के भीतर मिशन मोड में कराने के निर्देश भी दिए गए। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को संबंधित मार्गों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

### रताखार पुल में लगेगी स्ट्रीट लाइट

रताखार-जोड़ा पुल क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर निगम को तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही महत्वपूर्ण मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु आईसीसीसी द्वारा कार्य प्रारंभ न करने पर परिवहन अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। प्रस्तुत रिपोर्ट में दर्शाए गए ब्लैक स्पॉट-जैसे मदनपुर घाट मोड़, लमना घाट, डूमरकछार, रंगोली चौक, उरगा-मडवारानी ओवरब्रिज, रताखार जोड़ा पुल मार्ग आदि में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को देखते हुए कलेक्टर ने कहा कि इन स्थानों पर सुधार कार्य अत्यंत आवश्यक है और इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा।

# आज की बचत कल की सुरक्षा : पवन




हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

भारतीय जीवन बीमा निगम भारत देश की सबसे बड़ी सरकारी जीवन बीमा कम्पनी है । लोगो में आर्थिक बचत के साथ जीवन की सुरक्षा प्रदान करते हुए परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है ।

**खास बात**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ `क्सीलेंस का बेसिक कोर्स संपन्न

उक्त बातें लायन पवन अग्रवाल एमजेएफ जोन चेयरमैन लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एक्सीलेंस मुंबई के ट्रेनर पारस जैन द्वारा कोरबा में आयोजित तीन दिवसीय बेसिक कोर्स के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रविन्द्र साहू ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि मनुष्य के विकास के लिए शिक्षा सर्वोपरि है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एक्सीलेंस मुंबई के प्रख्यात ट्रेनर एवं मोटिवेटर पारस जैन ने बताया कि अभिकर्ताओं को बीमा व्यवसाय की बारीकियों। समाज सेवा में बीमा अभिकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका एवं देश के आर्थिक विकास में योगदान विषय पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि कोरबा में उनका 601 वां बेसिक कोर्स सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ एक्सीलेंस के छत्तीसगढ़ प्रदेश के कमिटमेंट कोर्स पार्टिसिपेंट मनोज कुमार गुप्ता, बलराम विश्वकर्मा, नीलकंठ अघरिया, जयप्रकाश गुप्ता, रवि श्रीवास, सहित छत्तीसगढ़ के कोने कोने सैकड़ों एल.आई. सी. अभिकर्ता ने सहभागिता निभाई।

# कैंसर से पीड़ित मरीज की डॉ. हिमांशु खुटिया ने रायपुर में की सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक बार फिर डॉ. हिमांशु खुटिया ने एक बड़ी सर्जरी कर जिले का नाम रोशन किया है। केंसर की बीमारी से जूझ रहे मरीज की रायपुर के निजी अस्पताल में कोरबा कटघोरा के डॉ हिमांशु खुटिया व अन्य डॉक्टरों की टीम ने सफल सर्जरी की है। यह जटिल सर्जरी करीब 7 घण्टे तक चली। मरीज की सर्जरी को लेकर अन्य डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए थे लेकिन डॉ. हिमांशु ने हार नही मानी और मरीज की सफल सर्जरी कर मरीज को नया जीवन प्रदान किया। मरीज के परिजनों ने और मरीज ने डॉ हिमांशु का आभार व्यक्त कर भगवान का दर्जा दिये।



डॉ हिमांशु खुटिया

कटघोरा से लगे ग्राम छुरी में एक मिडिल क्लास परिवार निवास करता है परिवार की माली हालत इतनी अच्छी नही है कि परिवार कोई बड़ा खर्च उठा पाए अमृत सागर के ईलाज को लेकर परिवार के सदस्यो ने डॉक्टरों का दरवाजा खटखटाना शुरू किया। अमृत सागर के ठीक होने की पूरी उम्मीद छोड़ चुके परिवार के सदस्यों ने डॉ हिमांशु खुटिया से संपर्क किया, इस दौरान डॉ हिमांशु ने अमृत सागर की प्रारंभिक जांच की,जांच के दौरान खुलासा हुआ कि अमृत सागर बोर्न की गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है और वह केंसर का रूप ले चुका है। मरीज के ईलाज को लेकर रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया जहां निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज का ईलाज करने से हाथ खड़े कर दिए।उनका कहना था कि इसका इलाज संभव नही है मरीज की जान भी जा सकती है इतना रिश्क नही लिया जा सकता,लेकिन डॉ हिमांशु हार मानने वाले नही है वे उन डॉक्टरों की श्रेणी में सामिल है जो अंतिम सांस तक संघर्ष करते हैं।डॉ हिमांशु व अन्य डॉक्टरों की टीम तैयार हुई और 7 घण्टे के जटिल ऑपरेशन चला।सर्जरी के दौरान डॉक्टरों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी तब जाकर यह सर्जरी सफल हुई।मरीज के पैर का बोर्न गल चुका था उसको हटा कर बोर्न ट्रांसप्लांट किया गया।अब मरीज पहले की भांति अपने पैरों पर चल सकेगा।

# औद्योगिक संस्थानों की सुरक्षा में सीआईएसएफ जवानों की भूमिका अहम : दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

औद्योगिक सुरक्षा का 57वां स्थापना दिवस समारोह 10 मार्च को गेवरा स्थित सीआईएसएफ परेड ग्राउंड में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ का स्थापना दिवस पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का दिन है। देश के बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ के कंधों पर है और यह बल पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।

**खास बात**

- गेवरा परेड ग्राउंड में मार्च पास्ट के साथ मनाया गया स्थापना दिवस समारोह



स्थापना दिवस पर उपस्थित अधिकारी।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश की सीमाओं पर सेना सुरक्षा प्रदान करती है, उसी प्रकार औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सीआईएसएफ जवानों के भरोसे है। कोल बेल्ट क्षेत्र में कीमती भारी मशीनों और कोयला कर्मियों के बीच सुरक्षित वातावरण में कार्य संभव हो पा रहा है, जिसमें सीआईएसएफ जवानों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक श्री निर्विकार ने कहा कि सीआईएसएफ का मुख्य उद्देश्य देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों और क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षा प्रदान करना है। यह बल राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के वाहक के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और इस दिशा में सीआईएसएफ पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। एसईसीएल जैसे बड़े औद्योगिक संस्थानों के साथ मिलकर सीआईएसएफ राष्ट्र की प्रगति और सुरक्षा को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सीआईएसफ वरिष्ठ कमाण्डेंट, डॉ नागेन्द्र कुमार झा, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह के दौरान सीआईएसएफ जवानों ने आकर्षक मार्च पास्ट और परेड का प्रदर्शन किया, सुरक्षा से संबंधित डेमो भी प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

# महिला दिवस, महिलाओं के अधिकारों में मजबूती की भावना को दर्शाता है : जयसिंह



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व महिला कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान और पी सी सी सचिव विकास सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में महिलाओं को निर्णय लेने की साहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्त्री-पुरूष समानता, महिला अधिकारों में मजबूती लाने की भावना को दर्शाता है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि आज की महिलाएं घर चलाने के साथ-साथ परिवार और समाज भी चला रही है। आज की महिलाएं, राजनीति, सामाजिक, व्यवसायिक, स्वास्थ्य, बैंकिंग, कानून, शिक्षा, सी ए, पायलेट, सुरक्षा एवं कृषि जैसे क्षेत्र में आत्म विश्वास के साथ काम कर रही है। ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तंवर ने अपने उद्बोधन में 8 मार्च के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रति वर्ष 8 मार्च को महिलाओं की सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा, ब्लॉक, मंडल, वार्ड, बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को पुष्प भेंटकर सम्मानित किया गया। पीसीसी सचिव विकास सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि आज के समय में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रही है।

# स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्राचार्यों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ वनांचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा विकासखंड-पोड़ीउपरोड़ा के संकुल केंद्र सिमगा एवं गडरा अंतर्गत आगामी आयोजित किये जाने वाले कक्षा 1,2,3,4,6,7,9,11 वीं स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं तथा कक्षा 5वीं एवं 8वीं के केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा की समुचित तैयारी के लिए संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में 10 मार्च को आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विद्यार्थियों की सतत शैक्षिक उन्नति तथा विभिन्न आवश्यक विभागीय एजेंडा पर चर्चा की गई। बैठक में प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने आगामी 25 मार्च से प्रारम्भ हो रहें कक्षा 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षा तथा 17 मार्च से प्रारम्भ हो रहे कक्षा 5वीं की एवं 18 मार्च से प्रारम्भ हो रहे कक्षा 8वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा को नियमानुसार सफलतापूर्वक आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में प्राचार्य श्री सिंह ने समस्त प्रधान पाठकों को प्राथमिक शालाओं के कक्षा पहली से चौथी तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं के कक्षा छठवीं एवं सातवीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं को नियमानुसार आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किये। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पालकगणों के साथ पृथक से आयोजित की गई संकुल स्तरीय बैठक में विद्यार्थियों के सतत शैक्षणिक उन्नति के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। विभागीय बैठक में संकुल प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने छात्रवृत्ति भुगतान, छात्रवृति की पूर्णता/ अपूर्णता की स्थिति/ अपूर्णता का कारण (कक्षावार, बच्चों की सूची सहित), विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र की जानकारी, 13 मार्च, 16 मार्च, 17 मार्च को आयोजित किये जाने वाले एम.बी.वी कैम्प की तैयारी, तम्बाकू मुक्त शाला की जानकारी देने कहा गया है।

# मोहन सिंह बने भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश प्रमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व कोरबा जिला मंत्री,दो बार के बीजेपी युवा मोर्चा के लगातार जिला उपाध्यक्ष रहे बीजेपी नेता मोहन सिंह को प्रदेश नेतृत्व द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर कोरबा जिले के युवाओं और कोरबा बीजेपी संगठन में हर्ष व्याप्त है। बीजेपी संगठन द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाये जाने पर बीजेपी नेता मोहन सिंह ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं बीजेपी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजू नारायण सिंह का आभार व्यक्त किया है।



मोहन सिंह

### एनएसएस-बी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारियों डॉ के के दुबे एवं श्रीमती अंजली कंवर के उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों का बी-सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व मां सरस्वती एवं युवाओ के प्रेरणाश्रोत विवेकानंद के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए।जिसमें कुल 17 स्वयं सेवकों ने परीक्षा में भाग लिये। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के समन्वयक के द्वारा हमारे महाविद्यालय के लिए बाह्य परिक्षक के रूप में शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोगरा के कार्यक्रम अधिकारी रघुराज सिंह तंवर को नियुक्त किया गया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें

### खरवानी में जनजागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम खरवानी में जल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल अर्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं, स्व सहायता समूहों तथा ग्राम जल स्वच्छता समिति की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य श्रीमती गोदावरी राठौर, जनपद सदस्य लखन अनुसुइया राठौर, ग्राम पंचायत के सरपंच घासी राम कंवर एवं उपसरपंच कमल कुमार उपस्थित रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कार्यपालन अभियंता रमन उरांव, सहायक अभियंता सत्यनारायण कंवर तथा अभियंता वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

### जिला महिला कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन



**कोरबा।** महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निदेशन पर एवं राष्ट्रीय महासचिव फुलोदेवी नेताम के मार्गदर्शन में जिला महिला कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन सीरियल रेपिस्ट एपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नाम का खुलासा होने पर किया गया। इस दौरान महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि कितनी शर्म की बात है कि भारत के केंद्रीय मंत्री का नाम सीरियल रेपिस्ट एपस्टीन फाइल्स में आता है और देश के प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी भी अपने पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभासिंह तंवर ने कहा कि आज देश जवाब मांग रहा है। इस मामले की सच्चाई क्या है हमारे प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्हें ऐसे गंभीर मामले के विषय पर आगे आना चाहिए और देश के सामने सच्चाई रखकर सार्थक कार्यवाही करना चाहिए। कार्यक्रम में शशिलता पांडेय, सीमा कुर्रे, शांता मंडावे, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, रीता वर्मा, शांति ठाकुर, किरण साहु, मानसी महंत, कृष्णा रजक, संगीता यादव, लक्ष्मी मरकाम, निशा, ईशा मानिकपुरी, नीता जायसवाल, मीरा सिंह, मनीषा जायसवाल, मीरा अग्रवाल सहित महिला कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाल विवाह के खिलाफ किया जागरुक, छात्रों और पंचायतों को दिलाई गई शपथ

**कोरबा।** जिले में बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर यह अभियान गांवों और कस्बों में केंद्रित रहा। सांसद ज्योत्सना महंत ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस मुक्ति रथ ने जिलेभर में भ्रमण किया और दूरस्थ पंचायतों तथा गांवों तक पहुंचा। अभियान से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ा गया। रथ ने लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका पर पड़ने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया, साथ ही इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए समझाया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 4 दिसंबर को देशव्यापी 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की घोषणा की थी। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठनों ने इस अभियान का नेतृत्व करते हुए देश के 439 जिलों में बाल विवाह मुक्ति रथ निकाले।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में 85 पदों पर होगी भर्ती, विभाग ने शुरु की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को नए शिक्षण सत्र में शिक्षक और गैर शिक्षकीय स्टाफ मिल जाएंगे। इनकी भर्ती के लिए जिला शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरु कर दी है। लगभग 85 पदों के लिए भर्ती पूरी की जाएगी। आने वाले सप्ताह में विभाग के द्वारा इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी।

जिले में कुल 15 इंग्लिश मीडियम स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित है जो पिछले 3 वर्षो से शिक्षकीय और गैर शिक्षकीय स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। लगातार शिक्षकों की कमी होने से स्कूलों में प्रभावित होने वाली पढ़ाई के मुद्दे को लेकर स्कूल के छात्र छात्राएं और अभिभावकों के द्वारा भी शिक्षकीय व्यवस्था के सुधार हेतु जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाई थी। पिछले शैक्षणिक सत्र में शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षक और गैर शिक्षकीय स्टाफ के संविदा भर्ती की प्रक्रिया शुरु की थी और उसके लिए वर्ष 2023 में मंगाए गए पुराने आवेदनों से ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था और उसमें भी शिक्षकों के कई पदों के लिए अभ्यर्थी ही नहीं मिले। परिणाम स्वरुप 80 से ज्यादा पद खाली रह गए। अब उन पदों पर नए सिरे से संविदा भर्ती अधिनियम के तहत भर्ती की प्रक्रिया शुरु की जाएगी। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा आने वाले सप्ताह में सभी रिक्त पदों में भर्ती हेतु प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। विभाग के द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि शैक्षणिक सत्र के जून माह तक भर्ती की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं।

## बीते वर्ष हुई भर्ती में सभी पदों के लिए नहीं मिल सके थे अभ्यर्थी

**खास बातें**

- जिले में 15 इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं संचालित
- नए सत्र से नहीं रहेगी शिक्षकों की कमी




**शुरु होगी भर्ती प्रक्रिया**

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों की संविदा भर्ती के लिए प्रक्रिया शीघ्र शुरु की जाएगी। जिसके लिए कुल 85 पद तय किए गए हैं जिनके लिए आवेदन देने की प्रक्रिया आने वाले सप्ताह में शुरु कर दी जाएगी।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

## कोलकाता में आयोजित की गई शीर्ष संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक

# एपेक्स जेसीसी की बैठक में अनुकंपा नियुक्ति का उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की शीर्ष संयुक्त सलाहकार समिति (एपेक्स जेसीसी) की बैठक कोलकाता मुख्यालय में संपन्न हुई। जिसमें यूनियन प्रतिनिधियों के साथ वेतन, अनुकंपा के आधार पर नौकरी और अन्य लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई। कोलकत्ता में आयोजित इस उच्च स्तरीय बैठक में कोयला उद्योग के कई प्रमुख मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया गया।

कोलकत्ता में आयोजित में एपेक्स जेसीसी की बैठक में श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने अनुकंपा नौकरी, वेतन सहित अन्य मुद्दों को लेकर अपनी मांगे रखी। श्रमिक नेताओं की मांगों को सुनने के बाद अनुकंपा नौकरी पर प्रबंधन ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी के मामले में लचीला रुख दिखाया जो पहले एक प्रमुख विवादित मुद्दा था। इसी तरह कोल कर्मियों के वेतन सहित अन्य मुद्दों पर भी यूनियन प्रतिनिधियों ने चर्चा की। इस दौरान बैठक में हंगामे की स्थिति भी देखने को मिली। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के चेयरमेन ने की। बैठक में कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी और यूनियन के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान 25 लाख रुपए की ग्रेच्युटी और हर महीने के पहले व दूसरे दिन वेतन भुगतान जैसे प्रमुख मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रबंधन ने कई मुद्दों पर सहमति जताते हुए समाधन की बात कही।

**खास बात**

- 25 लाख रुपए की ग्रेज्युटी और हर माह के पहले व दूसरे दिन वेतन भुगतान की उठी मांग

## ठेका श्रमिकों के लिए बायोमैट्रिक हाजिरी की मांग



बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एबीकेएमएस ने संगठन की ओर से मुद्दे उठाते हुए कहा कि बैठक के विचार-विमर्श, निर्णयों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए और इसके लिए एक निगरानी प्रकोष्ठ होना चाहिए। सीआईएल स्तर की बैठकें जैसे सुरक्षा, कल्याण, मानकीकरण, सीपीआरएमएस आदि अधिक होनी चाहिए। मांग आधारित उत्पादन किया जाना चाहिए और अतिरिक्त कोयले को जलाने से बचा जाना चाहिए। जैसा कि पहले सहमति हुई थी कि सभी यूजी खदानों में मैनराइडर्स प्रदान किए जाने चाहिए और महिला कल्याण समितियों का गठन किया जाना चाहिए और उन्हें कार्यात्मक बनाया जाना चाहिए। सभी ठेका, आउटसोर्सिंग श्रमिकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए और एचपीसी वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए।

## हिन्दू नववर्ष... सजा शहर




**कोरबा।** हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्र पर हिन्दू क्रांति सेना द्वारा शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्य मार्गों सहित चौक चौराहों में आकर्षक लाइटिंग की सजावट की गई है। (फोटो : गुलशन बैरागी)

## सोफे में छिपा था कोबरा, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**कोरबा।** रिसदी क्षेत्र निवासी लक्ष्मी के घर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब परिवार के लोगों को सोफे के अंदर से फुंकारने की आवाज सुनाई दी। पहले तो किसी को समझ नहीं आया कि आवाज कहां से आ रही है, लेकिन जब ध्यान से देखा गया तो पता चला कि सोफे के अंदर एक जहरीला कोबरा छिपा हुआ है। यह देखकर घर के लोग घबरा गए और तुरंत आरसीआरएस के सदस्य सागर को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही आरसीआरएस के सदस्य अविनाश यादव मौके पर पहुंचे और सोफे के अंदर छिपा कोबरा का रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया।

# जिले के हर वनांचल गांव तक पहुंचाई जाएगी बिजली: कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर कोरबा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्र लेमरू में ट्रांसफॉर्मर स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। जिससे वर्षों से बिजली से वंचित गांवों को स्थायी बिजली पहुंचने का रास्ता साफ हो गया है।

प्रवास के दौरान प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर ने कहा कि कोरबा जिला ऊर्जा नगरी के नाम से जाना जाता है और विभाग का प्रयास है कि जिले के हर वनांचल गांव तक बिजली पहुंचाई जाए, ताकि वहां रहने वाले लोगों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इसके बाद प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर देवपहरी स्थित गौमुखी सेवा आश्रम भी पहुंचे। यहां उन्होंने सिद्धिदात्री माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया और हींगलाजगढ़ माता मंदिर में भी मत्था टेका। आश्रम के लोगों ने उन्हें बिजली आपूर्ति और पानी की समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। लेमरू क्षेत्र के करीब पांच गांव दूधीडांगर, गुडुमाटी, छाती बहार, सरई टिकरा और बंधनीडाँड़ अब तक केवल सोलर लाइट के भरोसे ही रोशन होते थे। इन गांवों में स्थायी बिजली लाइन नहीं होने से ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब ट्रांसफॉर्मर स्थापना और बिजली लाइन पहुंचने से इन गांवों में स्थायी विद्युत आपूर्ति शुरू हो सकेगी, जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। इन गांवों में मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय की विशेष जनजातियां पंडो, कोरवा, मांझी और धनवार निवास करते हैं।

**खास बातें**

- एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक
- दूधीटांगर के पहाड़ी कोरवाओं को जल्द मिलेगी बिजली, पुटामुड़ा से खींची जाएगी लाइन



भूमिपूजन करते हुए अधिकारी।

## विद्युत सप्लाई के दिए निर्देश

ग्राम लेमरू के आश्रित गांव धवईबारी के ग्रामीणों ने भी अपनी समस्या प्रबंध संचालक के सामने रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक बिजली लाइन तो पहुंच गई है, लेकिन नियमित विद्युत सप्लाई नहीं होने के कारण पानी की भारी समस्या बनी हुई है। गांव में पानी की टंकी और बोरवेल होने के बावजूद बिजली नहीं होने से पानी सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। इस पर प्रबंध संचालक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द यहां विद्युत सप्लाई को सुचारू रूप से शुरू करने के निर्देश दिए।

# ई-ऑक्सन में प्रतिटन कोयले में छूट देने पर हो रहा विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने कोयला डिस्पैच बढ़ाने के लिए ई-ऑक्शन में 100 से 300 रुपए प्रति टन तक का डिस्काउंट देने की योजना बना रहा है। फरवरी माह में एसईसीएल का डिस्पैच मात्र 4.3 मिलियन टन रहा है, जो लक्ष्य से पीछे है। मार्च में डिस्पैच लक्ष्य को हासिल करना जरुरी है जिससे कंपनी को घाटे से बचाया जा सके।

कोयला डिस्पैच बढ़ाने के लिए एसईसीएल ने ई-ऑक्शन में 100 रुपए से 300 रुपए तक प्रतिटन डिस्काउंट यानी दर में कमी करने का निर्णय लिया है। इसके पूर्व कंपनी ने डिस्पैच बढ़ाने के लिए पीआई को घटा दिया था। अपेक्षित डिस्पैच नहीं बढ़ने पर अब ई-ऑक्शन कोयले में ग्राहकों को राहत देने का निर्णय लिया गया है। विभिन्न स्लैब में दर में कमी की गई है। ई-ऑक्शन में डिस्काउंट देने का निर्णय लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जो जितना ज्यादा कोयला ई-ऑक्शन में लेगा, उसे डिस्काउंट का उतना ज्यादा लाभा होगा। एसईसीएल इन दिनों कोयले की मांग घटने से परेशान हैं। फरवरी महीने में एसईसीएल का डिस्पैच महज 4.3 मिलियन टन रहा। मुनाफे के लिए कम से कम 38 मिलियन टन डिस्पैच करना होगा।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# भूजल दोहन रोकने पीएचई के पास नहीं है कोई अधिकार



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गर्मी के दस्तक देते ही दिनों दिन तापमान में बढ़ोतरी होती जा रही है। इसी के साथ कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्या भी खड़ी हो रही है वहीं दूसरी ओर भूजल का बेधड़क दोहन हो रहा है। जिस पर रोक लगाने के लिए पीएचई विभाग के पास कोई अधिकार नहीं है। इसके लिए पूरा अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास मौजूद है जिस तक जिले में हो रहे भूजल दोहन की खबर ही नहीं पहुंचती।

केंद्रीय भूजल बोर्ड के जिम्मे ही भूजल स्त्रोत के उपयोग करने के लिए अनुमति देने का प्रावधान है और बिना अनुमति कहीं भी भूजल के उपयोग पर रोक की कार्यवाही का अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास है। यही कारण है कि जिले का पीएचई विभाग भूजल दोहन के मामले में किसी भी तरह की कार्यवाही करने में अपने आपको अक्षम पाता है। गर्मी का मौसम आते ही पेयजल संकट की स्थिति शहर, उपनगरीय क्षेत्रों में गहराने लगती है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां पानी के लिए हैंडपंप या फिर नगर निगम के पानी का ही सहारा रहता है। वर्तमान में जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में जगह जगह ईंट भट्ठे लगे हुए हैं जहां बड़े बड़े बोर खनन कर भूजल का व्यवसायिक उपयोग बेधड़क किया जा रहा है इससे ईंटभट्ठों के क्षेत्र वाले आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में पानी का स्तर नीचे जाने लगा है। पीएचई विभाग की मानें तो भूजल के दोहन को रोकने के लिए पूरी तरह से केंद्रीय भूजल बोर्ड को कार्यवाही का अधिकार दिया गया है। जहां कहीं किसी कारणवश पेयजल के दूषित होने जैसी स्थिति आती है उसके लिए पेयजल परीक्षण अधिनियम जरुर लागू है।

**खास बात**

- बेधड़क हो रहा है जिले में भूजल का दोहन
- केन्द्रीय भूजल बोर्ड की जिम्मेदारी है दोहन रोकने की

## केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अधिकार

जहां कहीं भी खदान क्षेत्र आता है या कोई छोटे औद्योगिक क्षेत्र हैं वहां अगर कोई बड़ा बोर का कार्य किया जा रहा है तो उसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र देने का अधिकार है और खनन के लिए भी केंद्रीय भूजल बोर्ड ही अनुमति दे सकता है। शहर के औद्योगिक परिक्षेत्र खरमोरा में संचालित प्रतिष्ठानों में बड़े बड़े बोर चल रहे हैं। उनके लिए अनुमति देने का कार्य भूजल बोर्ड करता है।

**दोहन रोकने की जिम्मेदारी भूजल बोर्ड की**

भूमिगत जल के दोहन रोकने के लिए कार्यवाही का अधिकार केंद्रीय भूजल बोर्ड के पास मौजूद है। कहीं भी बोर खनन के लिए अगर खदान क्षेत्र में अनुमति मांगी जाती है तो पीएचई विभाग के पास इसके लिए केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का ही अधिकार है।

-रमन उरांव, कार्यपालन अभियंता पीएचई

# धीमी प्रगति पर जताई नाराज़गी, ठेकेदार को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड कोरबा के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण रूप से पहुँच सके, इसके लिए जिला खनिज संस्थान न्यास से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य की धीमी प्रगति देखकर उन्होंने नाराज़गी व्यक्त की और त्वरित सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी भवन तथा शिक्षक एवं चिकित्सक आवास की संरचना का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करते हुए किए जाएँ। साथ ही, इंजीनियरों को समय-समय पर स्थल पर उपस्थित रहकर कार्य की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए। ग्राम लेमरू में चिकित्सक आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम सोनपुरी एवं अजगरबहार में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा बनाए जा रहे उप-स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस भवन और पशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। सोनपुरी में उन्होंने पीडीएस और उप-स्वास्थ्य केंद्र दोनों के लिए एक ही परिधि-दीवार (बाउंड्री वॉल) बनाने तथा भवन तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। लेमरू में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन और चिकित्सक आवास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन को नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले हर हाल में तैयार करने और निर्माण संरचना में नियमित पानी की तराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सक आवास में ठेकेदार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पीडब्ल्यूडी के ईई को ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जारी करने तथा आवश्यकता होने पर कार्य के लिए पुनः टेंडर निकालने के निर्देश दिए। श्यांग में शिक्षक एवं चिकित्सकीय स्टाफ के लिए निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अप्रैल तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की।



अधिकारियों से निर्माण कार्यों की जानकारी लेते कलेक्टर।

